# महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार

दारोगा राय पथ, आर0 ब्लॉक रोड नं0–2
पटना–800001
Ph : - 0612 – 2506078/2506068

## विज्ञापन सूचना–05 / 2025–26

महिला एवं बाल विकास निगम अधीन जेंडर रिसोर्स सेंटर में पूर्णतः संविदा पर नियोजन हेतु योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :–

| क्र | पदनाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | Senior Consultant (Communication & Networking) | 01 |

Senior Consultant (Communication & Networking) पद पर नियोजन से संबंधित विस्तृत विवरणी, पात्रता, आवेदन करने की तिथि एवं अन्य मानदंडों की सूचना का अवलोकन महिला एवं बाल विकास निगम के आधिकारिक वेबसाईट **https://wcdc.bihar.gov.in/** पर किया जा सकता है। विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से ऑनलाईन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 24.07.2025 है। आवेदन प्राप्त करने की निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार / विचार नहीं किए जाएंगे। आवेदन केवल ऑनलाईन के माध्यम से स्वीकार किये जाएंगे। किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्रशासी पदाधिकारी

| Sl. | Position Title | Senior Consultant<br>(Communication & Networking) – 1 Post - UR |
|---|---|---|
| 1 | **Position Purpose** | The Senior consultant shall provide technical support to the GRC in the thematic domain for functioning of the institution |
| | | • Development of IEC materials and training manuals/reference materials/modules.<br>• Ensure timely developing, designing, printing of materials both electronic and manual (e.g. websites, leaflets and brochures)<br>• Developing, promoting and maintaining social and new age media platforms Gender messaging<br>• Support & facilitation and content development of media programme for awareness generation<br>• Planning media campaigns<br>• Liaising with communication agencies and media<br>• Record and prepare minutes of meetings<br>• Facilitation towards preparation of news reports, press releases and other forms of internal and external communications<br>• Ministries/Departments, State Governments and other relevant institutions, and the civil society<br>• Liaise and strengthen the interface on social empowerment with participating Departments, other relevant institutions, and the civil society<br>• Evolve multi-media and public service campaign strategies by providing inputs on the specific domain area<br>• Any other task assigned by the CMD/MD/Director/AO, WCDC. |
| | **Eligibility Criteria** | • At least 8 years of experience in relevant field at appropriate level out of which 3 years should be in the Govt. field.<br>• Post Graduate in Mass Communications from a reputed institute or Communication or Post Graduate in Linguistic or Social Science (Political Science/ Sociology/ Psychology/ Rural Development)<br>• Understanding and experience of networking, designing and developing social messages for New Age Media (Digital and Mobile)<br>• Experience in developing, designing training module, IEC and evaluation<br>• Experience of networking and liasoning with media, bilateral and multilateral donor agencies.<br>• English & Hindi language skills are essential. |

| | | |
|---|---|---|
| | **Proficiency** | • 5 years experience in modules development, IECs development, designing is desirable both print and digital.<br>• Good knowledge of computer and ability to work on it effectively and knowledge of spread sheet and presentation packages.<br>• Good understanding and knowledge of women issues and policies and programmes of the government.<br>• Good communication Skills in Public relations, public dealing, information dissemination etc. |
| | **Age** | The age for contractual employment will be calculated from the date of publication of the advertisement as follows:<br>Maximum age limit for all category :- Male/Female - 37 years |
| | **Monthly Consultancy chare** | Rs. 75,000/- (Seventy five thousand only) per month. TDS shall be deducted at source. |

ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु अभ्यर्थियों के लिये आवश्यक दिशा निर्देश :

1. आवेदन भरने और अन्य विवरण प्राप्त करने के लिए आधिकारिक वेबसाइट **https://wcdc.bihar.gov.in/** पर जाकर देखा जा सकता है। आवेदन के लिए लिंक दिनांक 04.07.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से खुलेगा।
2. आवेदन केवल ऑनलाईन के माध्यम से ही स्वीकार किये जाएंगे।
3. ऑनलाईन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 24.07.2025 अपराह्न, 05.00 बजे तक निर्धारित है। इस तिथि और समय के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। आवेदन केवल ऑनलाईन माध्यम से स्वीकार किये जाएंगे। किसी अन्य श्रोत से प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
4. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे नियोजन से संबंधित आवश्यक अपडेट एवं अन्य सूचनाओं/घोषणाओं के लिए समय–समय पर वेबसाईट का अवलोकन करते रहेंगे।
5. अभ्यर्थी हाल का अपना एक फोटो तथा हस्ताक्षर स्कैन कर ऑनलाईन आवेदन में निर्धारित स्थान पर अपलोड करेंगे। अभ्यर्थी संतुष्ट हो लेंगे, कि अपलोड किया गया फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर का इमेज सुस्पष्ट है।
6. उम्र सीमा– संविदा पर नियोजन हेतु प्रकाशित विज्ञापन की तिथि से निम्नवत होगी :–

   सभी वर्गो के पुरूष/महिला के लिये – अधिकतम आयु 37 वर्ष।

7. चयन की प्रक्रिया :

(क) पद से संबंधित निर्धारित 8 वर्ष के कार्यानुभव में कम से कम 03 वर्ष का सरकारी अनुभव अनिवार्य होगा।

(ख) पद हेतु निर्धारित शैक्षणिक अहर्ता के अतिरिक्त संबंधित क्षेत्र में उच्च शिक्षा/उपाधी रखने वाले अभ्यर्थियों को प्रत्येक उच्च शिक्षा/उपाधी के लिये 5 अंक तथा केवल सरकारी क्षेत्र में तीन वर्ष से ज्यादा अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी को प्रत्येक वर्ष के लिए 5 अंक इस प्रकार उच्च शिक्षा/उपाधी+सरकारी कार्यानुभव दोनों मिलाकर अधिकतम 30 अंक देय होगा।

(ग) अभ्यर्थियों के कार्यानुभव के अलावे केवल किसी अन्य प्रसिद्ध संस्थानों में किये गये कार्यों के लिये अन्य विशिष्ट उपलब्धि रखने वाले अभ्यर्थियों के लिये प्रत्येक उपाधि के लिये 05 अंक अधिकतम 10 अंक देय होगा।

(घ) साक्षात्कार समिति के समक्ष PPT प्रस्तुतिकरण (Presentation) के लिये अधिकतम 30 अंक।

(ड़) साक्षात्कार के लिये अधिकतम 30 अंक।

अंकों का निर्धारण :–

| क्र | उच्च शिक्षा/उपाधी + सरकारी कार्यानुभव | विशिष्ट उपलब्धि | PPT प्रस्तुतिकरण | साक्षात्कार | कुल प्राप्तांक |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 30 (अधिकतम) | 10 (अधिकतम) | 30 (अधिकतम) | 30 (अधिकतम) | 1+2+3+4=कुल अंक |

(च) ऑनलाईन प्राप्त आवेदनों का स्क्रूटनी उपरांत प्राप्तांक के आधार पर तैयार मेधा सूची में अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को मेधा सूची के उपर से पद का 10 गुण (1x10 = 10) अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु बुलाया जाएगा।

8. काउंसलिंग के समय ऑनलाईन आवेदन के आधार पर अभ्यर्थियों के द्वारा प्राप्त अंकों का सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन में गलत दावा कर अंक प्राप्त किए जाने की स्थिति में उनकी अभ्यर्थिता को रद्द किए जाने का अधिकार महिला एवं बाल विकास निगम के पास सुरक्षित रहेगा।

9. ऑनलाईन आवेदन में अपने प्रमाण पत्रों के संबंध में अभ्यर्थियों के द्वारा गलत सूचना दिये जाने की स्थिति में जांचोपरांत उनकी अभ्यर्थिता को रद्द करते हुए उनपर आवश्यक कानूनी कार्रवाई निगम के द्वारा की जायेगी।

10. अभ्यर्थियों द्वारा आवश्यक दस्तावेज यथा–शैक्षणिक प्रमाण–पत्र/शैक्षणिक अंक पत्र, कार्यानुभव प्रमाण पत्र एवं पहचान पत्र (आधार कार्ड/पैन कार्ड/ड्राईविंग लाइसेंस/वोटर कार्ड) की मूल प्रति एवं उसकी एक छाया–प्रति को स्वअभिप्रमाणित करते हुए काउंसलिंग/साक्षात्कार के समय निश्चित रूप से लाएंगे। सत्यापन के बाद मूल प्रमाण पत्र की प्रति अभ्यर्थियों को वापस लौटा दी जाएगी।

11. महिला एवं बाल विकास निगम बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी स्तर पर इस भर्ती प्रक्रिया के तहत रिक्त पदों से संबंधित विज्ञापन को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

12. महिला एवं बाल विकास निगम अंतर्गत संचालित जेंडर रिसोर्स सेंटर में Senior Consultant (Communication & Networking), GRC का पद पूर्णतः संविदा आधारित पद है। जिस पर एक वर्ष के लिये प्रारंभ में तीन माह प्रोबेशन अवधि के साथ नियोजन किया जायेगा। प्रोबेशन अवधि के संतोषजनक होने के उपरांत शेष अवधि के लिये सेवा विस्तार किया जा सकेगा। संविदा के आधार पर चयनित कर्मी न तो सरकारी सेवक माने जाएंगे और न ही सरकारी सेवकों के लिये अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार माने जाएंगे। संविदा के आधार पर चयनित कर्मी द्वारा सरकारी सेवा के नियमितीकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

13. नियोजन के उपरांत अनुबंध की अवधि का नवीकरण/सेवा विस्तार कर्मचारी के कार्य प्रदर्शन के आधार पर उनके कार्य मूल्यांकन के उपरांत किया जाएगा। नियोजित होने के उपरांत कर्मी पार्ट टाईम/फुल टाईम किसी अन्य कार्यालय/संस्थान में कार्य नहीं करेंगे।

14. विज्ञापन प्रकाशन की तिथि के पूर्व का वांछित कार्यानुभव प्रमाण–पत्र ही मान्य होंगे। विज्ञापन प्रकाशन की तिथि के बाद का कार्यानुभव प्रमाण पत्र किसी भी स्थिति में मान्य नहीं होगा। अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के बाद का ही कार्यानुभव मान्य होगा।

15. मेधा सूची में समान अंक रहने पर अधिक उम्र वाले उम्मीदवार को वरीयता दी जाएगी। मानवीय टंकण में हुई त्रुटि को यथा आवश्यकतानुसार आवश्यक संशोधन को अधिकार निगम को सुरक्षित होगा।

16. अंतिम रूप से नियोजन का निर्णय निगम द्वारा गठित चयन समिति की अनुशंसा के आधार पर महिला एवं बाल विकास निगम को होगा।

नोट : केवल न्यूनतम पात्रता मानदंडों को स्वयं पूरा करने से कोई भी आवेदक आगे की चयन प्रक्रियाओं के लिए चयनित या आमंत्रित होने का हकदार नहीं होगा। अपनी पात्रता की पुष्टि करना आवेदक की एकमात्र जिम्मेदारी है।

महिला एवं बाल विकास निगम के पास भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भी आवेदक के नियोजन अथवा विज्ञापन को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

प्रशासी पदाधिकारी

=====***=====